आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 27.01.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज देहरादून में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता– यूसीसी के पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण करेंगे।
- प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां पूरी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल देहरादून में खेलों का शुभारंभ करेंगे।
- चमोली जिले में अंतरिक्ष शिक्षा विकास के लिए जल्द ही एयरोस्पेस लैब की स्थापना की जाएगी।
- प्रदेश में निकाय चुनाव संपन्न होने के साथ आदर्श आचार संहिता समाप्त की गई।

यूसीसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज देहरादून में उत्तराखंड समान नागरिक संहित– यूसीसी के पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही उत्तराखंड में यूसीसी लागू हो जाएगी। साथ ही यूसीसी लागू करने वाले उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन जाएगा।

उत्तराखण्ड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बनेगा जहां यह कानून प्रभावी होगा। यूसीसी लागू करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें अधिनियम की नियमावली को मंजूरी और संबंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण शामिल है। यूसीसी से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के समान अधिकार और दायित्व सुनिश्चित होंगे। यूसीसी के अंतर्गत जाति, धर्म, क्षेत्र व लिंग के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि समान नागरिक की यह गंगा उत्तराखंड से पूरे देश में बहेगी।

राष्ट्रीय खेल

प्रदेश में कल से 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेलों का उद्घाटन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खेलों में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में खिलाड़ी और उनके कोच पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही खेल प्रेमियों के आने का सिलसिला भी जारी है। रेलवे स्टेशन और आयोजन स्थलों पर पहुंचने पर खिलाड़ियों का उत्तराखंड की लोक संस्कृति में स्वागत किया जा रहा है। इस बीच पिथौरागढ़ से बॉलीवुड अभिनेता हेमंत पांडे ने देशभर के खिलाड़ियों से उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह कियझं इस बीच, राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से पहले केन्द्र और राज्य सरकार खेलों के प्रचार के लिए कई स्तरों पर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में हरिद्वार में हर की पैड़ी पर नेशनल गेम्स सचिवालय ने सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन किया। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्य ने मां गंगा की पूजा अर्चना कर खेलों के सफल आयोजन की कामना की। खेल मंत्री ने कहा कि नेशनल गेम्स की मेजबानी उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है। यह उत्तराखंड बनने के बाद का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है।

अंतरिक्ष प्रयोगशाला

सीमांत जिले चमोली में अंतरिक्ष शिक्षा विकास के लिए जल्द ही एयरोस्पेस लैब की स्थापना होने जा रही है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की पहल पर अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है। यह प्रयोगशाला युवाओं को अंतरिक्ष के रहस्यों को जानने में मदद करेगी। प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने जिलाधिकारी चमोली और बोइंग एयरोस्पेस के बीच समन्वय स्थापित किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अंतरिक्ष प्रयोगशाला खुलने से युवा शिक्षार्थियों को अंतरिक्ष के चमत्कारों और रहस्यों को जानने का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान से परिचित होने पर अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में देश की प्रगति में तेजी आएगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत उप सचिव मंगेश घिल्डियाल इससे पहले चमोली के मुख्य विकास अधिकारी और टिहरी व रुद्रप्रयाग जिलों में जिलाधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं। पहाड़ी जिलों में किए गए विकास कार्यों के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है।

आदर्श आचार संहिता

प्रदेश में निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न हो गए हैं। इसके साथ ही नागर स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2024–25 की अधिसूचना जारी होने की तिथि से मतगणना समाप्ति तक लागू की गयी आदर्श आचरण संहिता लागू को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार प्रदेश के विकास को गति देते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। देहरादून में 'सामूहिक वन्दे मातरम' गायन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस संविधान निर्माताओं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से प्रेरणा लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें हमारी एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए अपने कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति जागरूक करता है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणतंत्र दिवस परेड को देश की विविधता में एकता का जीवंत प्रदर्शन बताया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शानदार परेड में सांस्कृतिक विरासत और सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि जीवंत झांकी हमारे राज्यों की समृद्ध परंपराओं का प्रतिनिधित्व करती है।

मन की बात

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 76वें गणतंत्र दिवस की परेड के लिए विशेष मेहमानों से नई दिल्ली के आकाशवाणी भवन में बातचीत की। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए लोगों के प्रेरक कार्यों को जन–जन तक फैलाया है।

गणतंत्र दिवस

76वां गणतंत्र दिवस कल देशभर के साथ ही प्रदेश में भी धूमधाम से मनाया गया। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर निकली उत्तराखण्ड राज्य की झांकी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी ध्यान आकर्षित किया है।

प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर उत्तराखण्ड की झांकी का अभिवादन किया। अन्य उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी इस दौरान उत्तराखण्ड की झांकी का ताली बजाकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य की झांकी वास्तव में बहुत आकर्षक बनी थी। राज्य की झांकी पर प्रधानमंत्री की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जो हम सबके लिए गर्व का विषय है।

नोडल अधिकारी और संयुक्त निदेशक सूचना विभाग के.एस चौहान ने बताया कि सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए इस थीम को गणतंत्र दिवस की परेड में झांकी के रूप में प्रदर्शित करने का निर्णय लिया गया।

देवभूमि उत्तराखण्ड राज्य की इस झांकी में राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुन्दरता एवं साहसिक खेल एवं पर्यटन को दर्शाया गया। झांकी के अग्र भाग में उत्तराखण्ड की पारम्परिक वेशभूषा में प्रसिद्ध ऐपण कला को बनाती हुई महिला को दिखाया गया। इस कला को उत्तराखण्डी महिलाओं द्वारा पूजा कक्षों, घरों के प्रवेश द्वारों के फर्श और दीवारों पर बनायी जाता है। इसको बनाने के लिए चावल का आटा तथा गेरु का उपयोग किया जाता है।

संक्षिप्त समाचार——

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेटियों को समानता का अधिकार देने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें अपनी आधी आबादी को बराबरी का अधिकार देते हुए कार्यबल में शामिल करना होगा।

गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने रुद्रप्रयाग को बेस्ट फायर स्टेशन की ट्रॉफी और पुलिस कर्मियों को राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए।